Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**ME-05**

# MODEL EXAMINATION, MARCH 2021

Part – II

Time : 2½ Hours

## HINDI

Cool-off time : 20 Minutes

Maximum : 80 Scores

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
- प्रथम 1 से 34 तक में से 80 अंक के उत्तर दीजिए ।

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा ।

तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?

तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है ।

बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है ।

फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी ।

हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी ।

1. 'दूसरों के प्रति उपकार' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन सा है ? (1)

2. मातृभूमि के लिए कवि क्या करना चाहते हैं ? (1)

3. "तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?" कवि क्यों ऐसा सोचते हैं ? (2)

4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। (6)

5. ये कथन पढ़ें और बहादुरशाह ज़फ़र के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। (6)

- अब हँसें या रोएँ, कोई फ़ायदा नहीं।
- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ। शायद ये हमारे लिए संभव न हो, पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा। और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें।

6. हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की महत्वाकांक्षा क्या है ? (1)

7. गद्यांश का संक्षेपण करें। (6)

8. उचित शीर्षक लिखें। (1)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य–चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।
बंदीजन खग–वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।

9. यह किस कविता का अंश है ? **(1)**

10. धरती का परिधान क्या है ? **(1)**

    [नीलांबर, रत्नाकर, सूर्य–चंद्र]

11. कवि ने नदियों और फूलों का वर्णन किस प्रकार किया है ? **(2)**

12. कवितांश का आशय लिखें । **(6)**

**सूचना : 13 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।**

13. 'दोस्ती' गीत के संगीतकार कौन हैं ? **(1)**

    [ए.आर. रहमान, आर.डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल]

14. सपना देखनेवाली मज़दूरिन कहाँ रहती है ? **(1)**

    [झोंपड़ी में, बंगले में, फ्लैट में]

15. मंदिर के रास्ते में लड़कियाँ क्या बेच रही थीं ? **(1)**

    [गुलाब का फूल, चंपा का फूल, कुमुद का फूल]

16. 'वह भटका हुआ पीर' किस विधा की रचना है ? (1)

[उपन्यास, कहानी, संस्मरण]

17. ज़मीन की रजिस्ट्री के एक दिन पहले पिताजी ने कहाँ जाने को कहा ? (1)

[खेत, गाँव, शहर]

**सूचना : पद पढ़ें, प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें ।**

जबहीं बन मुरली श्रवण परी

चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।

18. 'भूल गईं' शब्द का समानार्थी शब्द पद से चुनकर लिखें । (1)

[बिसरीं, चकित भई, श्रवण परी]

19. मुरली की ध्वनि में लीन प्रणयातुर दो गोपिकाओं के बीच होनेवाली बातचीत लिखें । (8)

सहायक संकेत :
- मुरली की ध्वनि की मधुरिमा
- कृष्ण के प्रति अनुराग
- अपने को भूल जाना

20. कवितांश पढ़ें और व्याख्या करें । (6)

ये दोस्ती....

हम नहीं तोड़ेंगे

तोड़ेंगे दम मगर

तेरा साथ ना छोड़ेंगे

21. जीवनवृत्त पढ़ें और कुँवर नारायण के बारे में एक अनुच्छेद लिखें । (6)

| जीवनवृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | कुँवर नारायण |
| जन्म | : | सन् 1927 को |
| जन्मस्थान | : | उत्तर प्रदेश के फ़ैज़ाबाद |
| रचनाएँ | : | चक्रव्यूह, अपने सामने, कोई दूसरा नहीं, इन दिनों (काव्य-संग्रह) |
| पुरस्कार | : | 2005 में ज्ञानपीठ |

22. हाइकू पढ़ें और आशय लिखें । (6)

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढ़ापा ।

23. सही मिलान करें । (8 × 1 = 8)

| | |
|---|---|
| Atmosphere | जीवाणु |
| Average | प्रमाणपत्र |
| Bacteria | ऊर्जा |
| Certificate | औसत |
| Energy | वायुमंडल |
| Percent | अनुपात |
| Ratio | विषाणु |
| Virus | प्रतिशत |

24. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें । (6)

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।

हरषित देखि दूध की दँनियाँ प्रेम मगन

तनु की सुधि भूली ।।

बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।

तनक तनक सी दूध दी दँनियाँ देखौ नैव सुफल करो आई ।

आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।

'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यौ मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

25. पति द्वारा उपेक्षित होने पर मुर्की किसी दयालु व्यक्ति से भाड़ा लेकर राजवंती के यहाँ आश्रय लेती है । संकेतों के आधार पर मुर्की का आत्मकथांश तैयार करें । (8)

सहायक संकेत :
- राजवंती से अपनी व्यथा सुनाना
- राजवंती द्वारा आश्रय देना
- कोठरी की चाबी देना
- जीवन-भर चाबी न छीनने का वादा करना

26. मान लें, आपके स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह होनेवाला है । उसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें । (8)

27. 'कितने बच्चे यतीम हो गए, कितनी औरतें बेवा हो गईं ।' बहादुरशाह ज़फ़र के पत्र के इस प्रसंग पर 'युद्ध के भीषण परिणाम' विषय पर आलेख तैयार करें । (8)

सहायक संकेत :
- युद्ध का विनाश
- सामूहिक क्षति
- शांति का महत्त्व

28. "तुमने अपने कैदी बाप को खत भेजा । खत क्या भेजा, मेरी जान, आँसूनामा था ।' बेटी के आँसूनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया । वे डायरी में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हैं । वह डायरी लिखें । **(8)**

सहायक संकेत :
- परिवारवालों की सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- खत पढ़ने से उत्पन्न दर्द
- कैदी हो जाने की वेदना

29. "भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है, बल्कि निरंतर प्रयास करना है ।" नेहरूजी के इस कथन के आधार पर 'परिश्रम का महत्त्व' विषय पर भाषण तैयार करें । **(8)**

सहायक संकेत :
- जीवन में परिश्रम का स्थान
- जीत की पहली सीढ़ी
- परिश्रम का फल

30. मान लें, 'दोस्ती' फिल्मी गीत सुनने के बाद एक छात्र अपने पुराने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें । **(8)**

सहायक संकेत :
- दोस्ती के गुण
- दोस्ती का महत्त्व
- दोस्ती से लाभ

31. अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें । **(8)**

The world consists of numerous types of people. The beauty and attraction of this world is in its diversity. This fact is applicable not only in the case of society, but also in the case of each and every individual.

[world – विश्व, numerous – बहुत, diversity – विविधता, applicable – लागू होना]

32. बाज़ार में एक नया तेल 'केशिनी' निकला है, जो बाल बढ़ने में सहायक है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें । **(8)**

सहायक संकेत :
- चार हफ़्तों (weeks) में बाल लंबा
- औषधीय गुणवाला
- कीमत का सही फ़ायदा

33. भाषा भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती है । आज विश्व की एक प्रमुख भाषा के रूप में हिंदी उभर रही है । विश्व भाषा के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार विषय पर निबंध तैयार करें । **(8)**

सहायक संकेत :
- संसार की सबसे बड़ी भाषाओं में एक
- सांस्कृतिक विकास में सहायक
- विश्व सौहार्द का संवाहक
- बोलचाल में आसान

34. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें । **(8)**

Ravi : Which period is it now ?
Raju : Now it is Hindi.
Ravi : Yesterday our teacher taught the Hindi lesson Mathrubhumi.
Raju : How was it ?
Ravi : It was an interesting poem about the beauty of our country.
Raju : Who was the author of this poem ?
Ravi : Famous Hindi poet Sri. Mydhili Saran Gupta.
Raju : Ok. Thank you.

[Period : कालांश, taught – सिखाया, interest – दिलचस्प, author – रचनाकार, famous – विख्यात]